**प्रेस-विज्ञप्ति** **30.01.2023**

स्टेशन सलाहकार समिति, कानपुर सेंट्रल की बैठक आज दिनांक 30.01.2023 को कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन में उप मुख्य यातायात प्रबंधक के कार्यालय के निकट कमेटी रूम में 03:30 में आयोजित की गई। जिसमें मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश के सचिव - श्री महेन्द्र नाथ मोदी ने प्रतिभाग किया।

बैठक में मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश के सचिव - महेन्द्र नाथ मोदी ने चैम्बर के सदस्यों द्वारा सुझायें गये 8 सूत्रीय सुझावी पत्र प्रस्तुत किया, जो कि निम्न है :-

1. सीपीसी कानपुर में वेयरहाउसिंग सुविधा को वाटर प्रूफ बनाने के लिए सुधार।
2. कानपुर सेंट्रल सिटी साइड और कैंट साइड में मल्टीलेवल 2 और 4 व्हीलर पार्किंग की सुविधा।
3. कानपुर सेंट्रल के दोनों एंट्रेंस साइड यानी सिटी साइड और कैंट में अतिक्रमण को हटाया जाये।
4. कानपुर सेंट्रल में 09:00 से 17:00 बजे के बजाय पार्सल बुकिंग और डिलीवरी के लिए राउंड द क्लॉक सुविधा दी जाये।
5. सीपीसी कानपुर पर ट्रैफिक का अत्यधिक दबाब होने के कारण हमेशा जाम की स्तिथि बनी रहती है, सीपीसी कानपुर को राष्ट्रीय राजमार्ग यशोदा नगर क्रासिंग तक एलिवेटेड रोड का निर्माण कराया जाये, जिससे शहर की ट्रैफिक को भीड़ से राहत मिल सके और सड़क की सुरक्षा हो सके।
6. खपरा मोहाल पुल से नीचे उतरने के पश्चात् जो सड़क रेलवे स्टेशन तक गयी है, बहुत ही दयनीय स्तिथि में है, इस सड़क के उचित रख रखाव के लिए विशेष चर्चा की गयी।
7. कैंट की ओर से प्रवेश मार्ग का रख-रखाव (गड्ढों को हटाना) उचित प्रकाश व्यवस्था के साथ।
8. कैंट साइड से कूड़ा हटाना।